MERCHANTS CHAMBER OF UTTAR PRADESH

Regd. Office : 14/77, Civil Lines, Kanpur - 208 001
Phone : (0512) 2531306
E-mail : merchantschamberup@gmail.com
Website : www.merchantschamberup.com

ESTD. 1932

Abhishek Singhania	Mayank Khanna	Mahendra Nath Modi
President	Vice President	Secretary
8471022574	9839034448	9936337580

कानपुर एयरपोर्ट को मिली नाइट लैंडिंग की सुविधा

कानपुर एयरपोर्ट में पिछले काफी सयम से नाइट लैंडिंग की सुविधा की मॉग की जा रही थी। 10 सितम्बर को मर्चेन्ट चैम्बर आफ उत्तर प्रदेष के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद श्री अभिषेक सिंहानिया ने इस मामले को रक्षा मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के संबधित अधिकारियों के समक्ष उठाया। साथ ही उत्तर प्रदेष सरकार से भी समर्थन का अनुरोध किया। कई दौर की बातचीत एवं लगातार बैठकों के बाद अधिकारियों ने कानपुर एयरपोर्ट को नाइट लैंडिंग सुविधा की मंजूरी दे दी है।

वर्तमान में कानपुर एयरपोर्ट में नाइट लैडिंग की सुविधा न होने से केवल दिन में ही हवाई जहाज का परिचालन किया जाता है। दिन में परिचालन होने से उड़ानों की संख्या तो कम थी ही साथ ही पूरा दिन का समय यात्रा में नष्ट हो जाता था। कानपुरवासियों की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए, श्री अभिषेक सिंहानिया ने विभिन्न प्रयास शुरू किये। चूंकि कानपुर एयरपोर्ट एक एयरफोर्स बेस जो रक्षा मंत्रालय के अधीन है इसलिए उन्होंने विमानन मंत्रलाय के साथ–साथ रक्षा मंत्रालय के उच्चाधिकारियों से सम्पर्क कर इस संदर्भ में अतिशीध्र कार्यवाही के लिए अनुरोध किया। उक्त समस्या का संज्ञान लेते हुए मंत्रालय ने इसकी मंजूरी दे दी है और विश्वास दिलाया है कि इसका विधिवत परिचालन नवंबर 2023 के अन्त तक प्रारम्भ हो जायेगा। इस सुविधा के शुरू होने से नगरवासियों को अन्य शहरों के लिए हवाई यात्रा के विकल्प उपलब्ध होंगे साथ ही व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यालय
अध्यक्ष
मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश

CIN : U91110UP1932NPL000467 GST - 09AABTM3103H1ZW